राष्ट्रीय एकता दिवस
(5-11-2016)






(2016-2017)

05.11.2016

# भाषण प्रतियोगिता

| No | NAME | CLASS | Roll No |
|---|---|---|---|
| 1 | Sweety | B.A I (u) | 3643 |
| 2 | Falak | " | 3532 |
| 3 | Lalita Rani | B.Com I " | 3631 |
| 4 | Shreya | B.~~Com~~ Sc | 3149 |
| 5 | Shiv Kumari | " | 3286 |
| 6 | Dolly Yadav | " | 3287 |
| 7 | Anjali | " | 3149 |
| 8 | Sarita Devi | " | 3105 |
| 9 | Kavita | B.A I | 3216 |
| 10 | Khyati | B.A I | 3343 |
| 11 | Ritu Sharma | " | 9597 |
| 12 | Shilpa | B.A II | 2636 |
| 13 | Pushpa Tiwari | " | 2637 |
| 14 | Jyoti Rani | " | 3607 |
| 15 | Tamanna | B.A I | |

(15)

Teachers Present :-

016

# भाषण-प्रतियोगिता परिणाम

राष्ट्रीय एकता सप्ताह (राष्ट्रीय सेवा योजना एवं राष्ट्रीय कैडेट कोर द्वारा आयोजित)।

| | छात्रा | कक्षा | रोल नं० | पुरस्कार |
|---|---|---|---|---|
| | ख्याति | बी०ए०प्रथम | 3216 | प्रथम पुरस्कार |
| 2. | स्वीटी | बी०ए०प्रथम | 3643 | द्वितीय पुरस्कार |
| 3. | कविता | बी०ए०प्रथम | 3105 | तृतीय पुरस्कार |
| 4. | फलक | बी०ए०प्रथम | 3609 | सांत्वना पुरस्कार |
| 5. | तमन्ना | बी०ए०प्रथम | 3607 | सांत्वना पुरस्कार |

15

5.11.16

5.11.16

अमर उजाला (6/11/2016)

56

# भाषण स्पर्धा में ख्याति ने पाया पहला स्थान




डीएन महिला कॉलेज में प्रतियोगिता के दौरान प्रस्तुति देती छात्रा।

अमर उजाला ब्यूरो

कुरुक्षेत्र।

दयानंद (डीएन) महिला कॉलेज में 31 अक्तूबर से 5 नवंबर तक 'राष्ट्रीय एकता दिवस' के अंतर्गत राष्ट्रीय सेवा योजना तथा राष्ट्रीय कैडेट कोर की ओर से राष्ट्रीय एकता सप्ताह आयोजित किया गया। इस दौरान प्रतियोगिताओं में विभिन्न संकाय की छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

इस आयोजन के अंतर्गत 31 अक्तूबर को राष्ट्रीय एकता दौड़ लगवाई गई। 2 नवंबर को 'निबंध लेखन प्रतियोगिता' हुई। तीन नवंबर को पेंटिंग एवं स्लोगन प्रतियोगिता कराई गई। वहीं 4 नवंबर को कविता एवं गीत लेखन प्रतियोगिता हुई। पांच नवंबर को भाषण प्रतियोगिता कराई गई, जिसमें बीए प्रथम की ख्याति ने पहला, बीए वोकेशनल की स्वीटी ने दूसरा, बीए प्रथम की कविता ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। वहीं सांत्वना पुरस्कार फलक एवं तमन्ना अरोड़ा को मिला। प्राचार्या डॉ. विजयलक्ष्मी सिंह ने छात्राओं को प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर एनएसएस की संयोजिका डॉ. मनजीत कौर, डॉ. नेहा, एनसीसी सदस्या शीना एवं शिक्षिका डॉ. सीमा, डॉ. पूजा तथा कुसुमलता सहित बड़ी संख्या में छात्राएं मौजूद रहीं।

डीएन कॉलेज में अर्थशास्त्र परिषद् की ओर से 21वीं शताब्दी में अर्थशास्त्र का महत्व विषय पर विस्तार भाषण भी कराया गया। अर्थशास्त्र परिषद् की संयोजिका पूनम गोयल ने मुख्य वक्ता का परिचय कराया। इसके बाद केयू अर्थशास्त्र विभाग से प्रो. कुलदीप सिंह ने संबोधित किया। अर्थशास्त्र विषय को समझने और उपयोग करने के लिए अर्थशास्त्र को सांख्यिकी गणित और कंप्यूटर के साथ पढ़ा जाना चाहिए। हिंदी मातृभाषा होते हुए भी अंग्रेजी माध्यम को समझना भी आवश्यक है। छात्राओं को सरल शब्दों में अर्थशास्त्र की उपयोगिता बताई। इस दौरान अनिता गुप्ता, इंदु, वीनू, अनु एवं मोना मौजूद रहीं।

## आरजू और सपना ने मारी बाजी



विजेता को पुरस्कृत करती प्राचार्या।

शाहाबाद। आर्य कन्या महाविद्यालय के सभागार में शनिवार को सरदार बल्लभभाई पटेल जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम के अंतिम चरण में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें बीएससी प्रथम वर्ष की आरजू व बीए तृतीय वर्ष की सपना ने बाजी मारी जबकि बीएससी तृतीय वर्ष की समनप्रीत और बीए द्वितीय वर्ष की सुमन ने द्वितीय पुरस्कार प्राप्त किया और बीएससी प्रथम वर्ष की तृषा ने तृतीय पुरस्कार प्राप्त किया। प्रतियोगिता में महाविद्यालय की 15 छात्राओं ने हिस्सा लिया। उन्होंने राष्ट्रीय एकता, अखंडता और सुरक्षा विषय पर अपने विचार प्रस्तुत किए। निर्णायक मंडल की भूमिका अंग्रेजी विभाग की डॉ. आशा शर्मा और हिंदी विभाग के डॉ. भारती शर्मा ने निभाई। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्या डॉ. भारती बंधु ने छात्राओं को पुरस्कृत किया और उन्हें राष्ट्रीय एकता व अखंडता बनाए रखने के लिए भी प्रेरित किया।

P.T.O.

दैनिक भास्कर (6/11/2016)

# ख्याति ने सबसे प्रभावशाली भाषण दिया

## शनिवार को दयानंद गर्ल्स कॉलेज में राष्ट्रीय एकता सप्ताह के तहत कार्यक्रम संपन्न

भास्कर न्यूज़ | कुरुक्षेत्र

दयानंद गर्ल्स कॉलेज में राष्ट्रीय एकता दिवस के उपलक्ष्य में 31 अक्टूबर से शुरू हुआ राष्ट्रीय सेवा योजना तथा राष्ट्रीय कैडेट कोर प्रोग्राम शनिवार को संपन्न हुआ।

इस दौरान स्वयंसेविकाओं ने कई प्रतियोगिताओं में हिस्सा ले राष्ट्रीय एकता का संदेश दिया। इस दौरान दौड़, निबंध लेखन, पेंटिंग व भाषण सहित कई प्रतियोगिताएं हुई। प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल की भूमिका डॉ. सुमन राजन, डॉ. उर्मिल पंघाल व डॉ. मनजीत कौर ने निभाई। इस प्रतियोगिता में पहले स्थान पर बीए पहले वर्ष की मनीषा चौहान रही। जबकि राखी दूसरे और ख्याति ने तीसरा स्थान पाया। चंदना को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। पेंटिंग प्रतियोगिता में तमन्ना जैन पहले, तमन्न अरोड़ा दूसरे और प्रिया तीसरे स्थान पर रही। जबकि अंबिका को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। कविता व गीत लेखन प्रतियोगिता में ख्याति ने पहला, हिमांशी ने दूसरा और राखी ने तीसरा स्थान पाया। जबकि श्रेया को सांत्वना पुरस्कार दिया गया।




कुरुक्षेत्र डीएन कॉलेज में आयोजित राष्ट्रीय एकता सप्ताह कार्यक्रम में विचार रखती छात्रा

वहीं इस दौरान हुई भाषण प्रतियोगिता में ख्याति ने सबसे अधिक प्रभावशाली भाषण देकर पहला स्थान पाया। जबकि स्वीटी दूसरे और कविता तीसरे स्थान पर रही। फलक व तमन्ना अरोड़ा को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। प्राचार्या डॉ. विजयलक्ष्मी ने छात्राओं को प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने के लिए प्रेरित किया। अंत में देशभक्तों को श्रद्धांजलि देकर विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। इस मौके पर डॉ. मनजीत कौर, डॉ. नेहा, शीना, डॉ. सीमा, डॉ. पूजा, कुसुमलता आदि शिक्षिकाओं सहित काफी संख्या में स्वयंसेविकाएं मौजूद रही।